प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 का हुआ शुभारंभ, देश के तीन हजार युवा ले रहे हैं भाग, हजारीबाग के चंदन कुमार कर रहे हैं झारखंड का प्रतिनिधित्व।
2. रांची स्थित रिम्स में होगा किडनी ट्रांसप्लांट, अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत गठित एडवाइजरी कमिटी ने दी सहमति।
3. झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव की आज 14वीं पुण्यतिथि, राज्य भर में दी जा रही है श्रद्धांजलि।
4. विश्व हिन्दी दिवस पर देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है हिन्दी।
5. आईआईएम रांची में स्पोर्ट्स एनालिटिक्स पाठ्यक्रम के तहत विशेष सत्र का हुआ आयोजन, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों ने साझा किये अपने अनुभव।

*********************

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका है। नई दिल्ली में आज आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि यह संवाद युवा नेताओं को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत विकास और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 के समापन सत्र में भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के तीन हजार युवाओं से संवाद करेंगे। इनमें हजारीबाग के चंदन कुमार भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 पर निबंध संकलन का विमोचन भी करेंगे। इसमें देश के विकास लक्ष्यों और दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण की दृष्टि पर युवाओं द्वारा लिखे गए चयनित निबंध शामिल हैं।

*********************

राज्य में पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरु होने जा रही है। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत गठित एडवाइजरी कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से रांची स्थित रिम्स और राज हॉस्पिटल को किडनी ट्रांसप्लांट करने का लाइसेंस देने पर सहमति बन गयी है। अब गंभीर मरीजों को राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ झारखंड में ही मिल सकेगा।

*********************

रांची स्थित रिम्स में जल्द ही एक नई मेडिकल शॉप खुलने जा रही है, जहां मरीजों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। रिम्स निदेशक डा. राजकुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को बाजार की महंगी दवाओं से राहत दिलाना और अस्पताल परिसर में ही गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

*********************

झारखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यायमूर्ति जस्टिस एल. पी. एन. शाहदेव की पुण्यतिथि पर आज राज्यभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान और जनजातीय हितों के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर उनके परिजनों के अलावा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन समेत अन्य नेताओं ने भी रांची में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

*********************

राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अबुआ दिशोम बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लॉन्च करने पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि इन सब चीजों से राज्य का भला नहीं होने वाला। सरकार को जनता की समस्याओं के निदान की पहल करनी चाहिए।

इस पर सत्तारुढ़ झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि बेहतर बजट तैयार करने की दिशा में सरकार की यह सार्थक पहल है।

*********************

दुनियाभर में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि हिंदी हमें अपनी जड़ों से और पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। इधर झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी विश्व हिंदी दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है, जो भारत की विविधताओं को एक सूत्र में पिरोती है। उन्होंने इस अवसर पर हिंदी के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार–प्रसार का संकल्प लेने की अपील की।

*********************

राज्य के सभी 264 प्रखंडों में 6 जनवरी से आयोजित पांच दिवसीय स्वास्थ्य मेलों का आज अंतिम दिन है। इन मेलों में नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श, दवा वितरण और आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस बीच एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि गिरिडीह में आज जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि गंभीर पाए जाने वाले बच्चों को बेहतर इलाज और सर्जरी के लिए राज्य सरकार के खर्च पर बड़े अस्पतालों में भेजा जाएगा।

*********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 28 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 57 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

राज्य में ठंड का प्रकोप जारी है। न्यूनतम तामपमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पांच जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है जबकि मैकलुस्कीगंज का पारा माइनस दो डिग्री दर्ज किया गया है।

*********************

आईआईएम रांची में स्पोर्ट्स एनालिटिक्स पाठ्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में भारतीय महिला टीम की मिडफील्डर नेहा गोयल, बेल्जियम के टॉम बून, कोच पूनम टोप्पो और नितेश बा ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा किया।

*********************